दिन–बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 08/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार में शिकायतों का त्वरित और सौ मिनट के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के लिए आठ सौ चौबीस उड़न दस्ते तैनात किए हैं। साथ ही एक शिकायत निगरानी प्रणाली भी स्थापित की गई है। इसमें एक कॉल सेंटर नंबर –एक नौ पांच शून्य भी शामिल है। इस नम्बर पर आम जनता या राजनीतिक दल अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।आयोग ने बिहार चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के सख्त क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने सरकारी, सार्वजनिक और निजी संपत्ति से किसी भी राजनीतिक दल द्वारा सरकारी वाहनों या सरकारी आवास के दुरुपयोग और किसी भी प्रकार की विरूपण सामग्री हटाने का निर्देश दिया है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव संचालन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण पर भी रोक लगा दी है। गौरतलब है कि दो सौ तैंतालीस सदस्यों की बिहार विधानसभा के लिए चुनाव छह और ग्यारह नवम्बर को दो चरणों में होंगे। मतगणना चौदह नवंबर को होगी।

————————————————————

आयकर विभाग ने विधानसभा चुनाव के दौरान काले धन के प्रवाह और उपयोग पर निगरानी रखने तथा उसे रोकने के लिए एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह नियंत्रण कक्ष चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक चौबीसों घंटे सातों दिन काम करेगा। इस नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाईन नम्बर है– एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह दो एक तीन। वाट्सएप नम्बर है– सात सात तीन नौ शून्य सात छह छह छह नौ। लोग इन नम्बरों पर काले धन से जुड़ी शिकायत या सूचना साझा कर सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– बिहार डॉट नोडल डॉट इलेक्शन एट द रेट इनकम टैक्स डॉट जीओवी डॉट इन पर भी सूचना साझा की जा सकती है।

————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि यदि उन्हें एनडीए में पन्द्रह सीटें नहीं मिलती है तो उनकी पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि वे पार्टी को मान्यता दिलाने के लिए पन्द्रह सीटों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस अक्टूबर

को पटना में पार्टी की होने वाली बैठक में इस पर अंतिम रूप से फैसला किया जायेगा।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि जब तक एनडीए में सीटों के बंटवारे पर अंतिम रूप से कोई फैसला नहीं हो जाता है तब तक वे इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक दलों के साथ उनकी बातचीत जारी है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी की चुनाव समिति की आज पटना में बैठक हो रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने बताया कि बैठक में चुनावी रणनीति पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है और गठबंधन के सभी पांचों दल मिलकर सरकार का गठन करेंगे।

———————————————————————

महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर घटक दलों के बीच बातचीत अंतिम दौर में पहुंच गया है। महागठबंधन के समन्वयक तेजस्वी प्रसाद यादव से झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पटना में मुलाकात की। झामुमो ने सात सीटों बांका, कटोरिया, चकाई, तारापुर, मनिहारी, पूर्णिया और धमदाहा सीट पर अपनी दावेदारी जतायी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय ने कहा कि कहा कि बातचीत बहुत सकारात्मक रही। इधर, सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने भी पटना में तेजस्वी प्रसाद यादव से मुलाकात की। पार्टी ने चौबीस सीटों पर अपनी दावेदारी जतायी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।